Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 01 September 2024

Dainik Jagran
Page - 07

फार्मेसी, एमएस और बीसीए की 18 को होगी प्रवेश परीक्षा

- आवेदन तिथि बढ़ी, पांच सितंबर तक आवेदन करने का मौका
- पहले 31 अगस्त निर्धारित की गई थी आवेदन की अंतिम तिथि

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में इसी सत्र से शुरू होने जा रहे डीफार्म, बीफार्म, एमएस इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बीसीए इन मशीन लर्निंग एंड डेटा साइंस और बीसीए इन इंटरनेट आफ थिंग्स पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 18 सितंबर को होगी। परीक्षा की तिथि की औपचारिक घोषणा विश्वविद्यालय प्रशासन ने शनिवार को कर दी। उधर विश्वविद्यालय ने इन पाठ्यक्रमों के लिए आनलाइन आवेदन की तिथि भी बढ़ा दी है। इच्छुक अभ्यर्थी अब पांच सितंबर तक आवेदन कर सकेंगे। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित थी।

प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि डीफार्म की 66 सीटों के लिए अब तक 416 आवेदन आए हैं जबकि बीफार्म के लिए भी अब तक 454 आवेदन आए हैं। इसी तरह नाइलिट (नेशनल इंस्टीट्यूट आफ इलेक्ट्रानिक्स एंड इन्फार्मेशन टेक्नोलाजी) के साथ संयुक्त रूप से संचालित होने वाले एमएस इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम की 33 सीटों के लिए अब तक 38 तथा बीसीए इन मशीन लर्निंग एंड डेटा साइंस और बीसीए इन इंटरनेट आफ थिंग्स के लिए अब तक 220 आवेदन पंजीकृत हुए हैं। निदेशक ने बताया कि अभ्यर्थियों के प्रतिवेदन पर विचार करते हुए कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने पांच नए पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि पांच सितंबर तक बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

अंतिम काउंसिलिंग के लिए च्वाइस लाक का अंतिम अवसर आज: प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक ने बताया कि विभिन्न नियमित एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 28 अगस्त को शुरू हुई अंतिम काउंसिलिंग के लिए अब अभ्यर्थी एक सितंबर तक च्वाइस लाक कर सकेंगे। सीटों से कम आवेदन वाले विषयों के लिए आवेदन भी अब एक सितंबर तक स्वीकार किए जाएंगे।

Amar Ujala
Page - 05

डीडीयू : फार्मेसी और एआई कोर्स की प्रवेश परीक्षा 18 को, पांच तक आवेदन

ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाई गई, 66 सीटों के लिए अब तक 416 आवेदन

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में इस सत्र से शुरू बी फार्मा, डी फार्मा, एमएस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), बीसीए (मशीन लर्निंग एंड डेटा साइंस) और बीसीए (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि विस्तारित कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी अब पांच सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा 18 सितंबर को आयोजित होगी।

इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि पहले 31 अगस्त निर्धारित थी। प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि डी फार्मा की 66 सीटों के लिए अब तक 416 आवेदन आए हैं।

बी फार्मा के लिए भी 66 सीटें निर्धारित हैं, जिनके लिए अब तक 454 आवेदन आए हैं। इसी तरह नाईलेट (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) के साथ संयुक्त रूप से संचालित होने वाले एमएस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की 33 सीटों के लिए अब तक 38 और बीसीए (मशीन लर्निंग एंड डेटा साइंस) एवं बीसीए (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) के लिए 220 आवेदन पंजीकृत हुए हैं।

अभ्यर्थियों की मांग पर कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने आवेदन की तिथि पांच सितंबर तक बढ़ाने के निर्देश दिए।

अंतिम काउंसिलिंग के लिए च्वॉइस लॉक आज भी

प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि विभिन्न नियमित एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में खाली रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 28 अगस्त को शुरू हुई अंतिम काउंसिलिंग के लिए च्वॉइस लॉक की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी एक सितंबर तक च्वॉइस लॉक कर सकेंगे। सीट से कम आवेदन वाले विषयों के लिए भी आवेदन अब एक सितंबर तक किए जा सकेंगे।

पहली बार शुरू हुए फार्मेसी, बीसीए और एमएस कोर्सेज के लिए बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में व्यस्तता के कारण कई अभ्यर्थियों ने अंतिम तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया था। छात्रहित को देखते हुए आवेदन की तिथि को विस्तारित किया गया है। – प्रो. पूनम टंडन, कुलपति

Hindustan
Page - 02

फार्मेसी और एआई प्रवेश परीक्षा 18 को

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने बी फार्मा, डी फार्मा, एमएस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), बीसीए (मशीन लर्निंग एंड डेटा साइंस) और बीसीए (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाकर 5 सितंबर कर दी है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त थी। प्रवेश परीक्षा 18 सितंबर को आयोजित की जाएगी।

प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि डी फार्मा की 66 सीटों के लिए 416 और बी फार्मा की 66 सीटों के लिए 454 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

वहीं इसके अलावा, विभिन्न नियमित और स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों की खाली सीटों पर अंतिम काउंसलिंग के लिए च्वाइस लॉक की तिथि भी बढ़ाकर 1 सितंबर कर दी गई है।

Amar Ujala Select
Page - 04

डीडीयू : फार्मेसी और एआई की प्रवेश परीक्षा 18 को, पांच तक आवेदन

गोरखपुर विश्वविद्यालय ने प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाई

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में इस सत्र से शुरू बी फार्मा, डी फार्मा, एमएस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), बीसीए (मशीन लर्निंग एंड डेटा साइंस) और बीसीए (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि विस्तारित कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी अब पांच सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा 18 सितंबर को आयोजित होगी।

इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि पहले 31 अगस्त निर्धारित थी। प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि डी फार्मा की 66 सीटों के लिए अब तक 416 आवेदन आए हैं। बी फार्मा के लिए भी 66 सीटें निर्धारित हैं, जिनके लिए अब तक 454 आवेदन आए हैं।

इसी तरह नाईलेट (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) के साथ संयुक्त रूप से संचालित होने वाले एमएस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की 33 सीटों के लिए अब तक 38 और बीसीए (मशीन लर्निंग एंड डेटा साइंस) एवं बीसीए (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) के लिए 220 आवेदन पंजीकृत हुए हैं। अभ्यर्थियों की मांग पर कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने आवेदन की तिथि पांच सितंबर तक बढ़ाने के निर्देश दिए।

अंतिम काउंसिलिंग के लिए च्वॉइस लॉक आज तक

प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि विभिन्न नियमित एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में खाली रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 28 अगस्त को शुरू हुई अंतिम काउंसिलिंग के लिए च्वॉइस लॉक की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी एक सितंबर तक च्वॉइस लॉक कर सकेंगे। सीट से कम आवेदन वाले विषयों के लिए भी आवेदन अब एक सितंबर तक किए जा सकेंगे।

"पहली बार शुरू हुए फार्मेसी, बीसीए और एमएस कोर्सेज के लिए बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में व्यस्तता के कारण कई अभ्यर्थियों ने अंतिम तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया था। छात्रहित को देखते हुए आवेदन की तिथि को विस्तारित किया गया है।

– प्रो. पूनम टंडन, कुलपति

Nirbhik India Page - 03

Rashtriya Sahara
Page - 01, 05

फार्मेसी, एमएस और बीसीए कोर्सेज के लिए आवेदन 5 तक

गोरखपुर(एसएनबी)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में इस वर्ष से आरंभ हुए बीफार्मा, डीफार्मा , एमएस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), बीसीए (मशीन लर्निंग एंड डेटा साइंस) तथा बीसीए (इंटरनेट आफ थिंग्स) के लिए प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि 5 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी गई है। इन कोर्सेज के लिए प्रवेश परीक्षा 18 सितंबर को आयोजित होगी। इन कोर्सेज के लिए प्रवेश की शनिवार को अंतिम तिथि थी। डीफार्मा की 66 सीटें के लिए अब तक 416 आवेदन आए हैं। बीफार्मा के लिए भी 66 सीटें निर्धारित हैं जिनके लिए अब तक 454 आवेदन आए हैं। इसी तरह नाईलेट (नेशनल इंस्टीट्यूट आफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) के साथ संयुक्त रूप से संचालित होने वाले एमएस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की 33 सीटों के लिए अब तक 38 तथा बीसीए (मशीन लर्निंग एंड डेटा साइंस) तथा बीसीए (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) के लिए अब तक 220 आवेदन पंजीकृत हुए हैं। प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष सिन्हा ने बताया कि विभिन्न नियमित एवं स्ववित्तपोषित कोर्सेज में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 28 अगस्त को शुरू हुई अंतिम काउंसिलिंग के लिए चॉइस लॉक की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी 1 सितंबर तक च्वाइस लाक कर सकेंगे। सीटों से कम आवेदन वाले विषयों हेतु आवेदन भी अब 1 सितंबर तक किए जा सकेंगे।

Inext Page - 04

फार्मेसी, एमएस और बीसीए की 18 को होगी प्रवेश परीक्षा

आवेदन तिथि बढ़ाई गई, अब पांच सितंबर तक आवेदन करने का मौका

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (31 August): दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में इसी सत्र से शुरू होने जा रहे डीफार्म, बीफार्म, एमएस इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बीसीए इन मशीन लर्निंग एंड डेटा साइंस और बीसीए इन इंटरनेट आफ थिंग्स पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 18 सितंबर को होगी. परीक्षा की तिथि

की औपचारिक घोषणा विश्वविद्यालय प्रशासन ने शनिवार को कर दी. उधर विश्वविद्यालय ने इन पाठ्यक्रमों के लिए आनलाइन आवेदन की तिथि भी बढ़ा दी है. इच्छुक अभ्यर्थी अब पांच सितंबर तक आवेदन कर सकेंगे. पहले आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित थी.

प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि डीफार्म की 66 सीटों के लिए अब तक 416 आवेदन आए हैं जबकि बीफार्म के लिए भी अब तक 454 आवेदन आए हैं. इसी तरह नाइलिट (नेशनल इंस्टीट्यूट आफ इलेक्ट्रानिक्स एंड इन्फार्मेशन टेक्नोलाजी) के साथ संयुक्त रूप से संचालित होने वाले एमएस इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम की 33 सीटों के लिए अब तक 38 तथा बीसीए इन मशीन लर्निंग एंड डेटा साइंस और बीसीए इन इंटरनेट आफ थिंग्स के लिए अब तक 220 आवेदन पंजीकृत हुए हैं.

फार्मेसी, एमएस व बीसीए के आवदेक ध्यान दें

5 सितंबर तक बढ़ी आवेदन तारीख

गोरखपुर, संवाददाता- दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में इस वर्ष से आरंभ हुए बी फार्मा, डी फार्मा , एम एस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), बीसीए(मशीन लर्निंग एंड डेटा साइंस) तथा बीसीए (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) के लिए प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि 5 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी गई है। इन कोर्सेज के लिए प्रवेश परीक्षा 18 सितंबर को आयोजित होगी इन कोर्सेज के लिए प्रवेश की आज अंतिम तिथि थी।

"पहली बार शुरू हुए फार्मेसी,बीसीए और एम एस कोर्सेज के लिए बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में व्यस्तता के कारण अनेक अभ्यर्थियों ने अंतिम तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया था। व्यापक अभ्यर्थी हित के मद्देनजर इसे 5 सितंबर तक के लिए बढ़ा दिया गया है।"

प्रवेश परीक्षा 18 सितंबर को आयोजित

डीडीयू में प्रवेश का अंतिम मौका

प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो हर्ष सिन्हा ने बताया कि विभिन्न नियमित एवं स्ववित्तपोषित कोर्सेज में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 28 अगस्त को शुरू हुई अंतिम काउंसलिंग के लिए चॉइस लॉक की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी 1 सितंबर तक च्वाइस लॉक कर सकेंगे। सीटों से कम आवेदन वाले विषयों हेतु आवेदन भी अब 1 सितंबर तक किए जा सकेंगे।

होगी।

- **इन कोर्सेज के लिए प्रवेश की आज अंतिम तिथि थी।**

डी, फार्मा की 66 सीटें के लिए अब तक 416 आवेदन आए हैं। बी, फार्मा के लिए भी 66 सीटें निर्धारित हैं जिनके लिए अब तक 454 आवेदन आए हैं।

इसी तरह नाईलेट (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) के साथ संयुक्त रूप से संचालित होने वाले एम एस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की 33 सेटों के लिए अब तक 38 तथा बीसीए(मशीन लर्निंग एंड डेटा साइंस) तथा बीसीए (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) के लिए अब तक 220 आवेदन पंजीकृत हुए हैं।

अभ्यर्थियों द्वारा किए गए प्रतिवेदन पर विचार करते हुए कुलपति प्रो पूनम टंडन ने इन कोर्सेज में आवेदन की तिथि 5 सितंबर तक बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

Swatantra Chetna Page - 05

एमएस और बीसीए कोर्सेज के लिए आवेदन अब 5 तक, प्रवेश परीक्षा 18 को

स्वतंत्र चेतना, गोरखपुर।दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में इस वर्ष से आरंभ हुए बी फार्मा, डी फार्मा , एम एस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), बीसीए(मशीन लर्निंग एंड डेटा साइंस) तथा बीसीए (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) के लिए प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि 5 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी गई है। इन कोर्सेज के लिए प्रवेश परीक्षा 18 सितंबर को आयोजित होगी।इन कोर्सेज के लिए प्रवेश की आज अंतिम तिथि थी।

डी, फार्मा की 66 सीटें के लिए अब तक 416 आवेदन आए हैं। बी, फार्मा के लिए भी 66 सीटें निर्धारित हैं जिनके लिए अब तक 454 आवेदन आए हैं। इसी तरह नाईलेट (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) के साथ संयुक्त रूप से संचालित होने वाले एम एस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की 33 सेटों के लिए अब तक 38 तथा बीसीए(मशीन लर्निंग एंड डेटा साइंस) तथा बीसीए (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) के लिए अब तक 220 आवेदन पंजीकृत हुए हैं।

अभ्यर्थियों द्वारा किए गए प्रतिवेदन पर विचार करते हुए कुलपति प्रो पूनम टंडन ने इन कोर्सेज में आवेदन की तिथि 5 सितंबर तक बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

अंतिम काउंसलिंग के लिए अब 1 सितंबर तक च्वाइस लॉक कर सकेंगे अभ्यर्थी

प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो हर्ष सिन्हा ने बताया कि विभिन्न नियमित एवं स्ववित्तपोषित कोर्सेज में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 28 अगस्त को शुरू हुई अंतिम काउंसलिंग के लिए चॉइस लॉक की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी 1 सितंबर तक च्वाइस लॉक कर सकेंगे। सीटों से कम आवेदन वाले विषयों हेतु आवेदन भी अब 1 सितंबर तक किए जा सकेंगे। संबंध में कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन ने कहा कि पहली बार शुरू हुए फामेर्सी,बीसीए और एम एस कोर्सेज के लिए बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं।प्रतियोगी परीक्षाओं में व्यस्तता के कारण अनेक अभ्यर्थियों ने अंतिम तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया था। व्यापक अभ्यर्थी हित के मद्देनजर इसे 5 सितंबर तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

Aaj

फार्मेसी , एमएस और बीसीए कोर्सेज के लिए आवेदन 5 तक, प्रवेश परीक्षा 18 को

गोरखपुर,३१ अगस्त। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में इस वर्ष से आरंभ हुए बी फार्मा, डी फार्मा , एम एस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), बीसीए(मशीन लर्निंग एंड डेटा साइंस) तथा बीसीए (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) के लिए प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि 5 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी गई है। इन कोर्सेज के लिए प्रवेश परीक्षा 18 सितंबर को आयोजित होगी इन कोर्सेज के लिए प्रवेश की आज अंतिम तिथि थी। डी, फार्मा की 66 सीटें के लिए अब तक 416 आवेदन आए हैं। बी, फार्मा के लिए भी 66 सीटें निर्धारित हैं जिनके लिए अब तक 454 आवेदन आए हैं। इसी तरह नाईलेट (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) के साथ संयुक्त रूप से संचालित होने वाले एम एस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की 33 सेटों के लिए अब तक 38 तथा बीसीए(मशीन लर्निंग एंड डेटा साइंस) तथा बीसीए (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) के लिए अब तक 220 आवेदन पंजीकृत हुए हैं। अभ्यर्थियों द्वारा किए गए प्रतिवेदन पर विचार करते हुए कुलपति प्रो पूनम टंडन ने इन कोर्सेज में आवेदन की तिथि 5 सितंबर तक बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। अंतिम काउंसलिंग के लिए अब 1 सितंबर तक च्वाइस लॉक कर सकेंगे अभ्यर्थी प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो हर्ष सिन्हा ने बताया कि विभिन्न नियमित एवं स्ववित्तपोषित कोर्सेज में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 28 अगस्त को शुरू हुई अंतिम काउंसलिंग के लिए चॉइस लॉक की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी 1 सितंबर तक च्वाइस लॉक कर सकेंगे। सीटों से कम आवेदन वाले विषयों हेतु आवेदन भी अब 1 सितंबर तक किए जा सकेंगे। पहली बार शुरू हुए फार्मेसी,बीसीए और एम एस कोर्सेज के लिए बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में व्यस्तता के कारण अनेक अभ्यर्थियों ने अंतिम तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया था। व्यापक अभ्यर्थी हित के मद्देनजर इसे 5 सितंबर तक के लिए बढ़ा दिया गया है।